## खबर संक्षेप



### 1.75 लाख की मदिरा जब्त, 11 प्रकरण दर्ज

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय ,परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत वृत्त बहोरीबंद एवं वृत्त स्लीमनाबाद के ग्राम द्वेहुंटा ,गाता खेडा.,बरही , बरतरा ककरहटा, पहाड़ी खेड़ा,बचैया में दबिश दी गई। इस दौरान प्लास्टिक के गुम्मो में भरे 1 हजार 175 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 15 लीटर हाथ भट्ठी मदिरा जप्त कर,आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क एवं च के कुल 11,प्रकरण पंजीबद्ध किये गये । महुआ लाहन मौके पर नष्ट कराया गया और जप्त महुआ लाहन एवं शराब की कीमत लगभग 1 लाख 75 हजार 250 रूपए है। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी एस बी कोरी, मंशाराम उइके आबकारी उप-निरीक्षक , केशव उइके, के के पटेल, एवं आरक्षक, रामसिंह, राजेश गोंटिया चंद्र प्रकाश त्रिपाठी सैनिक रविशंकर तिवारी शामिल रहे।

### ई.व्ही.एम. एवं व्हीव्हीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण आज

**कटनी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर ई.व्ही.एम. एवं व्हीव्हीपैट के जिला स्तरीय वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण 17 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों की मौजूदगी में किया जायेगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलांबर मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सौरभ सिंह (ग्रामीण) एवं अमित शुक्ला (शहर), बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष डी.सी. राम एवं आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह सेंगर से निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंदनदास स्कूल के पास हुआ हादसा, चालक फरार

# नो एंट्री में घुसे ट्रक ने सफाई कर्मी को रौंदा, मौके पर हुई मौत, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी





माधवनगर क्षेत्र में गुरूवार की सुबह नो एंट्री के समय ट्रक ने प्रवेश करते एक सफाई कर्मचारी को मौत के घाट उतार दिया। यह हादसा कुंदन दास स्कूल के पास हुआ। हादसे की यह घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। जिस समय यह घटना हुई उस समय नो एंट्री लागू थी, लेकिन उसके बाद भी ट्रक कैसे शहर के अंदर घुसा, यह सवाल चर्चा का विषय बना रहा।

बताया जाता है कि नगर निगम का सफाई कर्मचारी माधव नगर के नारायण शाह वार्ड निवासी 55 वर्षीय अशोक बिरहा पिता भैयालाल साइकिल से जा रहा था। कुंदन दास स्कूल के पास माधव नगर गेट से एसीसी की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक MH 49 BZ 0732 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए अशोक को रौंद दिया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सफाई कर्मचारी की मौत के बाद अन्य सफाई कर्मचारियों में गहरा रोष फैल गया। उन्होंने काम बंद कर दिया। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्र हो गए इसी बीच परिजन भी आ पहुंचे और उन्होंने शव को सड़क पर रखकर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। मृतक के परिजनों ने नगर निगम में परिवार के एक सदस्य को नौकरी और उचित आर्थिक सहायता की मांग की। करीब एक घंटे तक चले धरना प्रदर्शन और जाम के बाद, महापौर प्रीति सूरी और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शन कारियों को समझाया। उनके ठोस आश्वासन के बाद ही परिजन और स्थानीय लोग शांत हुए। इसके बाद सफाई कर्मचारी भी अपना धरना समाप्त कर काम पर लौट गए। एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हादसे को अंजाम देने वाले ट्रक को जब्त कर लिया गया है। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस इस बात की भी जांच करेगी कि ओवरलोड वाहन 'नो एंट्री' क्षेत्र में कैसे दाखिल हुआ और दुर्घटना किस तरह हुई।

#### महापौर ने दी सहायता राशि

सफाई कर्मी अशोक भैया लाल की हादसे में मौत होने की खबर लगते ही महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी जिला चिकित्सालय पोस्टमार्टम स्थल पहुँचकर मृतक के परिवार जनों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। महापौर श्रीमती सूरी ने अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश देते हुए निगम के माध्यम से तत्काल बीस हजार रुपये की राशि उपलब्ध कराई। साथ ही इस दौरान महापौर ने दुखद परिवार को तात्कालिक सहायता के रूप में स्वयं की ओर से भी 15 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान करते हुए परिवार के किसी एक सदस्य को निकाय द्वारा नौकरी दिए जाने का मौखिक आश्वासन भी दिया।



## 35 हजार रूपए कीमती अवैध देशी शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

### अवैध शराब बेचने की फिराक में खड़े व्यक्ति को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

बड़वारा पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। जानकारी के अनुसार प्रआर. पवनराज को भ्रमण के दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम सलैया कच्ची सड़क मार्ग मे एक व्यक्ति 4 प्लास्टिक की बोरियों मे काफी मात्रा में शराब बेचने की नियत से रखे हुये खडा है। मुखबिर द्वारा बताये हुये हुलिया का एक व्यक्ति 4 प्लास्टिक की बोरियां रखे हुए दिखाई दिया जो की वाहन का इंतजार कर रहा था। वह पुलिस को देखकर घबराकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे स्टाफ एवं गवाहों की मदद से घेरा बंदी कर पकडा गया। पकड़े गए लालबहादुर पिता हरभजन राय उम्र 38 साल निवासी ग्राम सलैया थाना बड़वारा जिला कटनी के पास मिली 2 बोरियों के अन्दर 100, 100 पाव देशी प्लेन शराब, 1 बोरी में 100 पाव देशी मसाला शराब एवं 1 बोरी में 50 पाव देशी प्लेन शराब रखी पाई गई। आरोपी के कब्जे से कुल 63 लीटर देशी प्लेन एवं लाल मसाला शराब कीमती करीबन 35000 रूपये की जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि.कृष्ण कुमार पटेल, सउनि महेश प्रताप सिंह, प्रआर. पवनराज, प्रआर वीरेन्द्र चढ़ार, आर. गौरीशंकर राजपूत, आर संतोष यादव, आर. शिवप्रकाश तिवारी, आर बृजलाल प्रजापति एवं आर रवि कुमार कोरी की विशेष भूमिका रही।

### कई बार पत्राचार के बाद भी अब तक नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन पर्व के बाद कार्य बहिष्कार की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



शहरी एवं ग्रामीण आशा कार्यकर्त्ताओं की बकाया प्रोत्साहन राशि के भुगतान की मांग को लेकर आशा ऊषा कार्यकर्ता महिला संगठन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कटनी पहुंचकर पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। शिकायत पत्र में उल्लेख किया गया है कि संगठन द्वारा प्रदेश की शहरी-ग्रामीण कार्यकर्त्ताओं की प्रोत्साहन राशि का बकाया भुगतान शीघ्र किए जाने हेतु पूर्व में भी कई बार पत्र दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद अब तक पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है।

संगठन ने बताया कि गत 3 अक्टूबर 2025 को प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से भेंट कर ज्ञापन सौंपा था, जिसमें त्यौहारों (रक्षाबंधन, दशहरा और अब दीपावली) के अवसर पर बकाया राशि नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त की गई थी। संगठन ने मांग की कि तत्काल सभी आशा कार्यकर्त्ताओं को लंबित प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाए।

महिला संगठन ने यह भी कहा कि प्रशासन द्वारा पहले दो दिन में भुगतान का आश्वासन दिया गया था, परंतु केवल आंशिक भुगतान ही किया गया, जिससे कार्यकर्त्ताओं में गहरा असंतोष व्याप्त है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगे नहीं मानी गईं, तो दीपावली के बाद प्रदेशव्यापी कार्य बहिष्कार व हड़ताल की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

#### संगठन की पांच सूत्रीय मांगें

बढ़ती महंगाई एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर फिक्स वेतन 21,000 प्रतिमाह दिया जाए तथा आशा कार्यकर्ताओं का नियमितीकरण किया जाए। मध्यप्रदेश की सभी आशा कार्यकर्त्ताओं को जी.पी.एफ. का लाभ प्रदान किया जाए। 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति पर 10 लाख की राशि दी जाए ताकि वृद्धावस्था में सम्मानजनक जीवन व्यतीत किया जा सके। कार्य के दौरान आकस्मिक मृत्यु या दुर्घटना की स्थिति में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए। केन्द्र सरकार द्वारा घोषित 1500 की वृद्धि का भुगतान एरियर सहित सुनिश्चित किया जाए।

### भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर से बताई समस्याएं



भारतीय किसान संघ ढीमरखेड़ा ने कलेक्टर आशीष तिवारी को पत्र सौंपकर खाद्य भण्डारण की मांग किया है। संघ के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पटेल और तहसील अध्यक्ष बंसत मिश्रा ने बताया कि ढीमरखेड़ा तहसील की देवरी मंगेला और मुरवारी समिति में अब तक अग्रिम खाद्य भंडारण नहीं किया गया है। जिसके कारण किसान अपने क्रेडिट कार्ड पर खाद्य नहीं ले पा रहे हैं,जबकि किसानों ने बाकायदा पिछला कर्ज जमा कर दिया है। किसान के पास पैसे नहीं होने के कारण वह परेशान हैं। किसान कर्ज लेकर बाजार से मंहगे दामों में खाद्य लेने मजबूर हैं।इस मौके पर किसान संघ के आशीष चौरसिया, चमन काछी,पारस पटेल,ज्ञानचंद चौरसिया,संतोष यादव सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

## 58 किलो गांजा जब्त, 8 आरोपितों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



जिले में गांजा एवं शराब की तस्करी करने माफिया सक्रिय हैं। दूसरे प्रदेशों से गांजा की खेप लाई जा रही है। बरही एवं खितौली चौकी पुलिस ने सरप्राइज वाहन चेकिंग के दौरान दो पिकअप वाहनों से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। गांजा तस्करी के मामले में 8 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने 58.708 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। जब्त मादक पदार्थ और वाहनों की कीमत लगभग 24 लाख 82 हजार 500 रुपये आंकी गई है।

जानकारी के अनुसार बीती देर रात थाना बरही एवं खितौली पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम कर्चुलियान घाट, खितौली–चंदिया रोड पर सरप्राइज चेकिंग के दौरान दो बोलेरो पिकअप MP18 ZE 9544 एवं MP18 GA 5582 को संदिग्ध स्थिति में आते देखा। पुलिस को देखकर वाहन चालकों ने वाहन मोड़कर भागने का प्रयास किया लेकिन घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। वाहनों के पीछे खिलौनों की आड़ में छिपाकर रखी गांजे की गठरियाँ बरामद की गईं। पहली बोलेरो से 29.5 किलोग्राम जबकि दूसरी बोलेरो से 29.2 किलोग्राम कुल 58.708 किलो गांजा मिला।

#### इन आरोपितों को पकड़ा

गांजा तस्करी में जिन आरोपितों को पकड़ा गया है उनमें राजेन्द्र पारधी पिता गोविंद पारधी 45 वर्ष, निवासी छीड़िया टोला थाना बरही, अंजनी कुमार यादव पिता आसाराम यादव 32 वर्ष, निवासी ग्राम अमिलिया थाना पाली जिला उमरिया, सुदामा बैगा पिता फगुना बैगा 26 वर्ष, निवासी अमिलिया थाना पाली जिला उमरिया, हरेराम मांझी पिता सुखदेव मांझी 47 वर्ष, निवासी बिहटा थाना रामगढ़ चौक जिला लखीसराय (बिहार), सोल्जर पारधी पिता राजेन्द्र पारधी 19 वर्ष, निवासी छीड़िया टोला थाना बरही, नारद मंडल पिता मतलु मंडल 51 वर्ष, निवासी बेहटा थाना रामगढ़ चौक जिला लखीसराय (बिहार), शुभम यादव पिता उदयचंद यादव, 23 वर्ष, निवासी भीमा डोंगरी थाना पाली जिला उमरिया एवं आदित्य यादव पिता राकेश यादव 19 वर्ष, निवासी अमिलिया थाना पाली जिला उमरिया शामिल है।

आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया, साथ ही जब्त दोनों बोलेरो वाहनों पर राजसात की कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, उप निरीक्षक ऋषभ सिंह बघेल (चौकी प्रभारी खितौली), उप निरीक्षक शैलेन्द्र सेंगर, सहायक उप निरीक्षक अनिल ठाकुर आदि शामिल रहे।

### विजयराघवगढ़ पुलिस ने की कार्यवाही, 2.80 लाख का गांजा जब्त

## उड़ीसा से खरीदकर लाए गांजा, बेचने से पहले पुलिस ने पकड़ा, पिकअप जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



विजयराघवगढ़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन से लाखों रूपए कीमती गांजा पकड़ा है। पकड़े गए तस्कर द्वारा उड़ीसा से गांजे की खेप मंगवाई गई थी। वह कटनी जिले के पारधी डेरों में गांजे की सप्लाई करने किराए के वाहन से निकला था।

यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डा. संतोष डेहरिया व अनुविभागीय अधिकारी वीरेन्द्र धार्वे के मार्गदर्शन में निरीक्षक रीतेश शर्मा थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।

पुलिस के अनुसार गत रात पुलिस टीम ने सघन वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध वाहन पिकप लोडर क्रमांक एम.पी. 18 जेड़.ए. 9627 को रोककर चेक किया किया तो उसमें गांजा लोड पाया गया। वाहन चालक पिपरिया जिला शहडोल शहडोल निवासी 35 वर्षीय सुरेश यादव पिता स्व. हीरालाल यादव एवं वाहन के पीछे ट्राली में छिपकर बैठा संदिग्ध मानिकपुर जिला उमरिया निवासी बाड़ी पारधी के पास से एक सफेद रंग की बोरी में मादक पदार्थ गांजा पाया गया। बाडी पारधी के कब्जे से 18 किलो 600 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती लगभग 02 लाख 80 हजार रुपए की एवं घटना में प्रयुक्त वाहन पिकप लोडर क्रमांक एम.पी. 18 जेड़.ए. 9627 जब्त किया गया।

गांजा के संबंध में पूछताछ पर ज्ञात हुआ कि आरोपी बाडी पारधी उक्त गांजा को उड़ीसा से खरीदकर शहडोल लाया तथा शहडोल से किराये कि पिकप को लेकर विजयराघवगढ़ क्षेत्र में निवासरत अन्य पारधी समाज के लोगों को गांजा बेचने कि फिराक में आया था। उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत मामला रजिस्टर्ड कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी रीतेश शर्मा, सउनि जय सिंह ठाकुर, आरक्षक अंजनी झा, पप्पू प्रजापति, चालक मज्जू कोल की मुख्य भूमिका रही।

### कलेक्टर ने उमरियापान अस्पताल का किया निरीक्षण

## पोषण पुनर्वास केन्द्र में 10 कुपोषित बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां उपचार हेतु पहुंचे मरीजों और उनके साथ आये परिजनों से भी बात किया। कलेक्टर ने यहां के पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुपोषित बच्चों की माताओं से चर्चा कर मिल रही सुविधाओं के संबंध में भी चर्चा की।

कलेक्टर श्री तिवारी ने बच्चे के इलाज हेतु सपत्नीक पहुंचे उमरियापान निवासी रंजीत वंशकार और विद्यावती निवासी ढीमरखेड़ा से चर्चा कर अस्पताल में मिलने वाली निः शुल्क दवाईयों व उपचार आदि की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,सुपरवाइजर और ए एन एम अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर अति कुपोषित बच्चों एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को चिन्हित करके पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराएं और उनका ख्याल रखें, बेहतर देखभाल हो।जब तक वह ठीक नहीं हो जाते तब तक उनकी देखरेख करें तथा जब वह अति कुपोषित बच्चा पोषण पुनर्वास केंद्र में रहकर ठीक हो जाए तथा डिस्चार्ज होकर वह घर वापस जाए तो समय-समय पर उन्हें दूरभाष के माध्यम से भी उस बच्चे के संबंध में जानकारी लेकर फॉलोअप दर्ज करें। बीएमओ डा. बीके प्रसाद ने बताया कि यहां के पोषण पुनर्वास केंद्र की क्षमता 10 बिस्तरीय है और यहां 10 कुपोषित बच्चे भर्ती हैं। इसके पहले कलेक्टर श्री तिवारी ने कंप्यूटर कक्ष,नेत्र परीक्षण कक्ष, उमंग स्वास्थ्य केंद्र, जनरल वार्ड और आयुष्मान कार्ड कक्ष का भ्रमण कर जायजा लिया।

## युवक से मारपीट एवं मुंह में मूत्र करने पर सरपंच सहित 4 पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मटवारा मे अमानवीयता और जातिगत उत्पीड़न की सारी हदें पार करने वाली घटना के मामले में स्लीमनाबाद पुलिस ने मटवारा सरपंच रामानुज पांडेय,सरपंच पुत्र पवन पांडेय, भतीजे सतीश पांडेय और रामबिहारी हल्दकार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296,115(2), 351(3), 3(5), 126(2) व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण )अधिनियम के तहत धारा 3(1)(a), 3(1)(c), 3(1)(e), 3(1)(द ), 3(1)ध ओर 3(2)(va) के तहत प्रकरण पंजीबद्द किया गया।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के ग्राम मटवारा में अवैध खनन का विरोध करने वाले एक दलित युवक के साथ दबंगों ने न केवल बेरहमी से मारपीट की, बल्कि उसके मुंह पर मूत्र त्याग कर घृणित और शर्मनाक कृत्य को अंजाम दिया है। पीड़ित राजकुमार चौधरी 36 ने पुलिस अधीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि घटना 13 अक्टूबर 2025 की शाम को हुई। राजकुमार अपने खेत के पास रमगढ़ा पहाड़ी पर हो रहे शासकीय भूमि के अवैध उत्खनन का विरोध करने गए थे। उत्खनन कार्य में लगे राम बिहारी हल्दकार ने उन्हें जातिसूचक गालियाँ देकर जान से मारने की धमकी दी। जब राजकुमार अपनी माँ मुन्नी बाई चौधरी के साथ घर लौट रहे थे, तभी गांव के नजदीक मुक्तिधाम के पास सरपंच रामानुज पाण्डेय, उनके पुत्र पवन पाण्डेय, भतीजे सतीश पाण्डेय और अन्य साथियों ने उन्हें रोका। सभी ने मिलकर राजकुमार को लात-घूंसों और लोहे की रॉड से बुरी तरह पीटा और गला दबाया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीड़ित राजकुमार का आरोप है कि पिटाई के दौरान सरपंच पुत्र पवन पाण्डेय ने इंसानियत की सारी हदें पार करते हुए उनके मुंह पर पेशाब कर दी। बीच-बचाव करने आईं उनकी माँ मुन्नी बाई को भी बाल पकड़कर घसीटा गया और उनके साथ मारपीट की गई। आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और धमकी दी कि अगर थाने में रिपोर्ट की तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। घायल राजकुमार को उनकी माँ ने जिला चिकित्सालय कटनी में भर्ती कराया, जहाँ वह तीन दिन तक इलाज कराते रहे। आरोपियों के राजनीतिक रसूख और धमकी के कारण वह स्लीमनाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं करा पाए। इलाज के बाद, पीड़ित माँ के साथ एसपी कार्यालय पहुँचे और न्याय की गुहार लगाई।

#### एएसपी पहुंचें, हुई कार्रवाई

उक्त मामला सोशल मीडिया में वायरल होने लगा जिसके बाद भीम आर्मी संग़ठन एक्टिव हुआ और गुरुवार दोपहर 12 बजे स्लीमनाबाद थाना भीम आर्मी के सदस्य पहुंचें। उक्त मामले पर उक्त कृत्य को अंजाम देने वालो पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गये। जानकारी लगते ही पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया स्लीमनाबाद थाना पहुंचें। एएसपी से भीम आर्मी संग़ठन के सदस्य उक्त कृत्य करने वालों के खिलाफ एफआईआर की मांग करने लगे, कार्रवाई न होने पर हल्ला बोल का अल्टीमेटम दे दिया। जिसके बाद एएसपी ने पूरे मामले पर फरियादी ओर गवाहो की बातचीत सुन स्लीमनाबाद थाना प्रभारी को एफआईआर के निर्देश दिए।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एडिशनल एसपी संतोष कुमार डेहरिया का कहना है कि मटवारा मामले पर सूक्ष्मता से जाँच पड़ताल उपरांत चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर दिया गया है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी भी की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### पैकिंग व अवसान तिथि अंकित नहीं होने से मिठाईयों के विक्रय पर रोक

**कटनी।** दीपावली त्योहार के दृष्टिगत मिठाई की दुकानों में साफ-स्वच्छ गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां, नमकीन एवं अन्य खाद्य सामग्री का निर्माण, विक्रय सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने तहसीलदार आशीष अग्रवाल के नेतृत्व में सुभाष चौक स्थित खोवा मंडी की दुकानों का निरीक्षण किया। जांच टीम द्वारा दुकान पर विक्रय हो रहे खोवा की प्रारंभिक जांच खोवा सही पाया गया। किंतु दुकान में रखे मिल्क केक एवं दूध बर्फी में मिलावट की आशंका होने पर नमूने जांच हेतु लिए गए। साथ ही मिठाई के लगभग 50 डिब्बों में पैकिंग डेट एक्सपायरी डेट अंकित नहीं होने पर उक्त मिठाइयों के विक्रय पर रिपोर्ट आने तक रोक लगाया गया है। इसी प्रकार खोवा भंडार की दुकान में विक्रय हो रहे डोडा बर्फी, मिल्क केक के नमूने जांच हेतु लिए गए एवं डिब्बों में लेबल घोषणा नहीं होने पर लगभग 70 मिठाई के डिब्बों को रिपोर्ट प्राप्त होने तक विक्रय पर रोक लगाया गया है। इसके अलावा विजयराघवगढ़ तहसीलदार के नेतृत्व में क्षेत्र की मिठाई दुकानों खोवा एवं पेड़ा, शिवाय स्वीट से सोनपापड़ी एवं नमकीन के सैंपल जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेज दिये गये।

### जल जीवन मिशन के कार्यों का किया निरीक्षण

**कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने जलजीवन मिशन के तहत पवई समूह जलप्रदाय योजना के संचालन और रीठी क्षेत्र में इसके कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के लिए देवगांव एवं उमरिया ग्राम में पहुचंकर मौका मुआयना किया। कलेक्टर ने ग्राम देवगांव में पवई समूह जलप्रदाय योजना की क्लियर वाटर पंपिंग मेन 700 मि.मी. व्यास की पाइपलाइन की लेइंग का कार्य देखा और उन्होंने पूरी प्रक्रिया के बारे में मौके पर मौजूद महाप्रबंधक शिवम सिन्हा से जानकारी ली। कलेक्टर ने डिजाइन ड्राइंग का अवलोकन किया और कार्य की प्रगति में तेजी लाने तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने की हिदायत दिया। कलेक्टर ने ग्राम उमरिया में घरेलू नलजल कनेक्शन के बारे में भी यहां के गांव के घरों के अंदर पहुंच कर किये गये नलजल कनेक्शन का निरीक्षण किया । उमरिया में कोमल तिवारी के घर के आंगन में किये गये विद्युत कनेक्शन को भी देखा। कलेक्टर ने ग्राम टिहकारी में पहुंचकर सड़क के किनारे बनाई गई नाली निर्माण कार्य का अवलोकन किया।

### अस्पताल से गंदे पानी की निकासी के लिए होगा नाली का निर्माण

**उमरियापान।** कलेक्टर आशीष तिवारी ने उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर ने यहां के पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। कुपोषित बच्चों की माताओं से उन्हें मिल रही सुविधाओं के संबंध में चर्चा की। कलेक्टर ने जनरल वार्ड, नेत्र परीक्षण कक्ष,उमंग स्वास्थ्य केंद्र, लैब, एक्सरे कक्ष,कम्प्यूटर कक्ष सहित अस्पताल परिसर का जायजा लिया। मरीजों से बातचीत कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने बीएमओ डा. बीके प्रसाद को निर्देशित किया। इस मौके पर जनपद सदस्य शैलेन्द्र पौराणिक ने कलेक्टर को बताया कि अस्पताल की बाउंड्री के ऊपर ग्रामीणों द्वारा पक्का निर्माण कर अस्पताल में पानी की निकासी करने से अस्पताल परिसर में गंदगी होती है। मरीजों को परेशानी होती है। जिस पर कलेक्टर ने पानी की निकासी के लिए व्यवस्थित नाली का निर्माण कर मुख्य नाली से जोड़ने के निर्देश कार्यपालन यंत्री जेसी खटीक और जनपद सीईओ यजुर्वेद कोरी को निर्देशित किया।इस मौके पर एसडीएम निधि गोहल,सीएमएचओ डा. राजसिंह ठाकुर,सरपंच अटल ब्यौहार,नायाब तहसीलदार साक्षी शुक्ला सहित अन्य की मौजूदगी रही। इसके अलावा बम्हनी के शासकीय प्राथमिक स्कूल में पहुँचकर कलेक्टर ने बच्चों के बीच बैठकर उनसे बातचीत की। बच्चों से सवाल करते हुए गिनती और पहाड़ा पढ़वाया।

---

बाहर से आकर रहने एवं काम करने वालों किस प्रवृत्ति के है, किसी को नहीं पता

# मकान मालिक बने लापरवाह, किरायेदारों की जानकारी जुटाने पुलिस भी बेपरवाह

**दूसरे जिलों या प्रदेशों से काम करने एवं किराये से रहने वाले किसी प्रवृत्ति के हैं इसकी जानकारी न तो मकान मालिक को है और न ही पुलिस के पास। किराये से घर देने वाले मकान मालिक अपने किरायेदारों की जानकारी पुलिस को नहीं देते वहीं पुलिस भी जानकारी जुटाने में बेपरवाह बनी हुई है। कई बार किरायेदार या श्रमिक वारदातों को अंजाम देने के बाद बड़ी आसानी से फरार होने में सफल हो जाते हैं।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र की बात करे तो यहां मार्बल फैक्ट्री व खदानें संचालित है जहां दूसरे राज्यो के भी लोग निवास कर रहे है। वैसे तो पूरे सीजन बाहरी लोग किराए के कमरे मे रहकर अपना व्यापार करते है। शीतकालीन का समय शुरू हो गया है ऐसे मे कम्बल,गद्दे सहित गर्म पकड़ो का व्यापार करने वाले बाहरी व्यापारी लोगों को जमावड़ा भी लगने लगा है साथ ही कुर्सी का व्यापार करने वाले भी बहुतायत संख्या में लोग स्लीमनाबाद मै आकर रह रहे है।

वर्तमान मे धान फसल की कटाई के लिए पंजाब राज्य से हार्वेस्टर भी बड़ी संख्या मे स्लीमनाबाद आ चुके है, जो यही रहकर धान की कटाई कार्य करेंगे। पुलिस और आम लोगों के लिए मददगार-किराएदार या फिर घर में काम करने के लिए रखे गए नौकर की समूची जानकारी स्वयं के साथ ही पुलिस के पास भी होनी चाहिए। इसकी मुख्य वजह है कई बार वारदात को अंजाम मकान में रहने वाले किराएदार दे जाते हैं या फिर घर में काम करने वाला नौकर। इन परिस्थितियों में मकान मालिक के पास न तो किरादार की पूरी जानकारी होती है न ही नौकर की। पुलिस के पास भी ऐसे लोगों का कोई रिकॉर्ड नहीं होता। तब वारदात को अंजाम देने वाले को तलाश पाना मुश्किल होता है।

### नही होती रात्रि में गश्त

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है स्लीमनाबाद थाना में दो डायल 112 है लेकिन रात्रिकालीन गश्त नही की जाती है जिससे चोरी की घटनाएं आये दिन स्लीमनाबाद मे घटित होती है। तेवरी में भाव्या ज्वेलर्स मे 12 लाख से अधिक की चोरी-स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत तेवरी मै हाल ही में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरो के द्वारा धावा बोल 8 किलो चांदी, 15 ग्राम सोना व नकदी लेकर भाग खडे हुये साथ ही बदमाशों के द्वारा फायरिंग भी की गई लेकिन अभी तक चोरो को पुलिस पकड़ नहीं पाई।

### इनका कहना है

इस संबंध में थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश कुमार सुमन का कहना है कि स्लीमनाबाद में सभी मकान मालिकों को किरायेदारो की जानकारी पुलिस को देने मुनादी कराई जाएगी ताकि थाना क्षेत्र मे कितने लोग बाहर से आकर रह रहे है उनकी जानकारी प्राप्त हो सके। पुलिस तो अपना प्रयास करती है साथ ही मकान मालिक भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे ओर मकान में रह रहे किरायेदारो की जानकारी थाना में उपलब्ध कराये उससे मकान मालिकों को ही सहूलियत रहेगी।

---

# 7 वाहनों पर कार्रवाई, 40 हजार रूपए वसूला जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अवैध व अनियमित परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) संतोष पॉल के नेतृत्व में तीसरे दिन भी कटनी-मैहर रोड पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले सात वाहनों पर कार्रवाई करते हुए कुल 40,000 का जुर्माना वसूला गया, जबकि तीन वाहन जप्त कर थाना कुठियाला में खड़े किए गए हैं।जांच के दौरान अलग-अलग प्रकार की अनियमितताएं पाई गईं। यूपी पासिंग वाहन UP 21 CT 9886 एवं MP 34 H 0990 में निर्धारित ऊंचाई से अधिक माल लोड पाए जाने पर 6,000 का जुर्माना लगाया गया। वाहन MP 21 ZB 1012 में फिटनेस प्रमाण पत्र एवं प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (PUC) नहीं होने के कारण 8,000 की वसूली की गई। इसी प्रकार, वाहन MP 17 G 2245 में PUC नहीं होने पर 5,000, जबकि MP 21 G 2880 में बीमा, फिटनेस और PUC तीनों दस्तावेज नहीं होने के चलते 13,000 का जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा, वाहन MP 21 G 1513 में भी PUC के अभाव में 5,000 की कार्रवाई की गई। वहीं, वाहन MP 20 LB 3927 में फिटनेस न होने पर 3,000 का जुर्माना लगाया गया।

परिवहन विभाग द्वारा यह जांच अभियान जिले में सड़क सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और वैध परिवहन व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इसी प्रकार के सघन जांच अभियान जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी संतोष पॉल ने वाहन चालकों और स्वामियों से अपील की है कि वे समय-समय पर अपने वाहनों के दस्तावेज जैसे बीमा, फिटनेस, और PUC को अपडेट रखें और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही परिवहन करें, ताकि किसी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके। यह अभियान क्षेत्रीय प्रशासन और परिवहन विभाग के समन्वय से संचालित किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों में कमी लाना और सुरक्षित व पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देना है।जप्त किए गए तीन वाहनों की जांच जारी है।

---

ग्राम पंचायत बड़वारा सभागार में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# पोषण माह एवं बालिका सप्ताह पर विभिन्न प्रतियोगिताओं से दी महत्वपूर्ण जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कार्यक्रम ग्राम पंचायत बड़वारा सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग बड़वारा द्वारा पोषण माह समापन एवं अंतरराष्ट्रीय बालिका सप्ताह के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया.जिसमें परियोजना बड़वारा द्वारा आंगनबाड़ी ,सेक्टर स्तर एवं परियोजना स्तर पर पोषण रैली ,व्यंजन प्रदर्शनी ,निबंध प्रतियोगिता ,रंगोली प्रतियोगिता, बच्चों की स्वास्थ्य जांच, पोषण परामर्श पोषण शपथ मोटापा कम करने हेतु कम नमक कम चीनी कम तेल , पोषण संबंधी कार्यक्रम में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने संबंधित कार्यक्रम आदि के माध्यम से पोषण संबंधी जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए. बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एवं बालिका दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बड़वारा में आयोजित की गई .जिसमें निबंध, रंगोली एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को, बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए .विधायक द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया .बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा विभाग द्वारा पोषण माह में किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई एवं सभी आंगनबाड़ी आशा कार्यकर्ताओं को बाल विवाह रोकने हेतु शपथ दिलाई गई।

यह कार्यक्रम विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता एवं पंकज राय जिला पंचायत सदस्य ,राजेश कुमार पूर्व मंडल महामंत्री भाजपा ,राम लखन चौधरी अध्यक्ष बारडोली संस्था के विशिष्ट अतिथि में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी इंद्र कुमार साहू, हर्ष द्विवेदी, राजेश चौधरी उर्फ लंगर , केतन गर्ग,संगीता बर्मन, रूपा वर्मन, शिवकुमार चौधरी, बेणीराम धुर्वे आदि उपस्थित रहे।

---

## मानव श्रृंखला बनाकर महिला अधिकारों के प्रति किया सजग



महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद के द्वारा महिला अधिकारों को लेकर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन बहोरीबंद मे किया गया जहाँ महिलाओं को महिला अधिकारों को लेकर जानकारियां प्रदान की गईं। परियोजना अधिकारी सतीश पटेल ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाओं को संविधान और विभिन्न विशेष कानूनों द्वारा कई अधिकार प्राप्त हैं जिनमें हिंसा और भेदभाव से मुक्ति, समान कार्य के लिए समान वेतन, संपत्ति का अधिकार, शिक्षा और स्वास्थ्य का अधिकार,पंचायत व नगर पालिकाओं में आरक्षण शामिल हैं। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005; दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961; और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 जैसे कानून महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण सुनिश्चित करते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा ने कहा पुरुषो के समान ही महिलाओ को भी संविधान से अधिकार प्राप्त है!इसलिए महिलाये अपने अधिकारों के बारे मे जाने ओर अधिकारों का उपयोग करें जिससे महिलाये भी देश की उन्नति व प्रगति का हिस्सा बने!कार्यक्रम के अंत मे मानव श्रंखला बनाकर महिलाओं को महिला अधिकारों के प्रति सजग किया गया। इस दौरान सरपंच मधु गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार, उमा अवस्थी सहित आँगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका ओर महिलाओं की उपस्थिति रही।

---

# समूह की महिलाएं घरों को करेंगी दीपों से रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



दीपोत्सव पर्व का आगाज शनिवार 18 अक्टूबर धनतेरस के साथ शुरू हो जायेगा । 20 अक्टूबर को दीपावली मनाई जाएगी लेकिन इस दीप्तोसव पर्व से स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएंगी क्योंकि स्वयं का रोजगार स्थापित कर स्वालम्बी बनने की दिशा में अग्रसर हुई है।इस बार दीप्तोसव पर बहोरीबन्द विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पटीकला के आश्रित ग्राम सलैयाकला के सृष्टि स्वयं सहायता समूह व की महिलाओं ने मिट्टी के दीपक,लक्ष्मी व गणेश की प्रतिमाओं को बनाकर तैयार कर विक्रय करने लगी है।जिससे आर्थिक स्थिति को परिपक्व कर रही है। सलैया कला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताया की इस वर्ष अच्छे व्यापार की उम्मीद है।दीप्तोसव पर्व पर रोजगार के लिए आजीविका मिशन के सहयोग से समूह को जो सीआईएफ फंड से 1 लाख 50 हजार का लोन मिला था उक्त राशि से परंपरागत दीयों के अलावा महिला स्वयं सहायता समूहों ने भी अपने स्तर पर कुछ नए डिजाइन विकसित कर दीपक निर्माण किया गया है। समूह की महिलाये गांव गांव जाकर विक्रय तो कर ही रही है।साथ ही हाट बाजारो में जगह उपलब्ध कराई गई है ताकि दीपक बिक्री में आसानी हो सके।

इस संबंध मैं ग्रामीण आजीविका मिशन के विकासखण्ड प्रबंधक अजय पांडेय ने बताया किदीपावली के पर्व पर ग्रामीण अंचलों में समूह की मिट्टी शिल्पकारों को स्वाबलम्बी बनाने की दिशा मे यह कार्य किया गया है। सलैया कला के स्वयं सहायता समूह मे 14 सदस्य है 6 महिला सदस्य कुम्हार समाज से है उनके द्वारा दीपोत्सव पर्व पर दीपक बनाने का कार्य किया है।

---

# कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों ने धान की फसल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कृषि विज्ञान केंद्र कटनी एवं उपसंचालक कृषि, कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले के ग्रामो में धान के प्रक्षेत्र का निरिक्षण किया जा रहा है। ग्राम बंडा में लगी हुई धान की फसल का निरीक्षण किया। भ्रमण एवं निरिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ संजय वैशंपायन एवं उपसंचालक कृषि डॉ आर एन पटेल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ.आर.के मिश्रा, डॉ शशि गौर, डॉ अर्पिता श्रीवास्तव ,डॉ आरपी बेन उपस्थित थे।

वैज्ञानिकों ने कृषक हीरामणि हल्दकार के खेत में लगी हुई धान की फसल का निरीक्षण किया एवं उसमें पाया कि कंडवा,हल्दी गांठ एवं अन्य कीटों का प्रकोप है कृषि वैज्ञानिकों ने धान की फसलों में कीट और रोग के प्रकोप का निरीक्षण किया है और किसानों को नियंत्रण के लिए सलाह दी है। ग्राम के अन्य धान फसल में झुलसा रोग, तना छेदक और भूरा माहू जैसे कीट-रोगों का खतरा बढ़ गया है। नियंत्रण के लिए किसानों को नियमित निगरानी, फेरोमोन ट्रैप, जैविक कीटनाशक (जैसे नीम आधारित) और आवश्यकतानुसार रासायनिक कीटनाशकों के उपयोग की सलाह दी गई है, जिसके लिए कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के अधिकारियों से संपर्क करने को कहा गया है। निरीक्षण में पाए गए मुख्य कीट और रोगतना छेदकः तने के अंदर जाकर नुकसान पहुंचाता है, जिससे बाली सफेद हो जाती है। भूरा माहू (ब्राउन प्लांट हॉपर)ः पत्तियों से रस चूसता है, जिससे पत्तियां पीली पड़ जाती हैं और उन पर काले फफूंद लग जाते हैं। झुलसा रोगः पत्तियों पर नाव के आकार के धब्बे बनते हैं। जीवाणु जनित झुलसा (बैकी)ः यह रोग भी धान की फसल में देखा गया है। पत्ती लपेटक कीटः पत्तियों को लपेटकर अंदर से खा जाता है। नियंत्रण और प्रबंधन के उपायनियमित निरीक्षणः खेतों की नियमित निगरानी करें और कीट-रोग की पहचान होते ही नियंत्रण के उपाय करें। जैविक उपायःफेरोमोन ट्रैप का उपयोग करें। नीम आधारित कीटनाशक (जैसे अजाडिरैक्टिन) का छिड़काव करें।

फसल में मित्र कीटों (जैसे मकड़ी, ततैया, ड्रैगन फ्लाई) को बढ़ावा दें। रासायनिक उपायः यदि कीटों की संख्या आर्थिक क्षति स्तर से अधिक हो जाए तो ही रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग करें। तना छेदक के लिए कर्टाप हाइड्रोक्लोराइड या क्लोरेन्ट्रानिलीप्रोल का उपयोग किया जा सकता है। भूरा माहू के लिए इमिडाक्लोप्रिड या फिप्रोनिल का छिड़काव किया जा सकता है। झुलसा रोग के लिए ट्राइसाइक्लोजोल या टेबुकोनाजोल जैसी दवाओं का प्रयोग करें। अन्य उपायःफसल अवशेषों को हटाकर खेत की साफ-सफाई रखें।

---

सांदीपनि स्कूल में स्कूल की कक्षाओं में पहुँचकर छात्रों से किया संवाद

# कलेक्टर ने करोड़ों के निर्माण और विकास कार्यों का जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने रीठी क्षेत्र के गांवों की गलियों में तकरीबन 3 किलोमीटर घूमकर शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति का निरीक्षण किया और मैदानी हकीकत का जायजा लिया। कलेक्टर श्री तिवारी ने यहां निर्माण एवं विकास कार्यों का भी मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार रीठी संदीप सिंह ठाकुर, महाप्रबंधक जल निगम शिवम सिन्हा और सीईओ जनपद पंचायत रीठी आर एन सिंह और सहायक संचालक शिक्षा राजेश अग्रहरी, कार्यपालन यंत्री परियोजना क्रियान्वयन इकाई एमके पोनीकर सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने 33 करोड़ 66 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय के भवन का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने लॉन विकास एवं विस्तार कार्य और पेयजल की व्यवस्था सहित कक्षाओं में व्हाइट बोर्ड की समुचित व्यवस्था शीघ्रातिशीघ्र करने की हिदायत दी। कलेक्टर श्री तिवारी ने ताकीद किया कि इन सभी बुनियादी जरूरतों की बिल्डिंग में पूर्ति के बाद ही भवन का हैंडओवर लिया जायेगा।

### कक्षाओं में पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर श्री तिवारी सांदीपनि विद्यालय के कक्षा 4, 10 व 11 में पहुंचे और छात्रों से उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने कक्षा 4 में बच्चों से 6, और 9 का पहाड़ा पूछा, जिस पर छात्रों ने तत्काल सुना दिया। कलेक्टर ने छात्रों को वेरी गुड कहा और ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस और मंगलवार के दिन आयरन की गोली खिलाई जाती है कि नहीं की भी जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि आज बुधवार को मध्यान्ह भोजन मिला। जिस पर समाईला सहित सभी छात्रों ने बताया कि उन लोगों ने खाना खा लिया है। कलेक्टर ने कक्षा 11 की विज्ञान की कक्षा में छात्रों से पूछा कि पढ़ाई अच्छे हो रही है। कितने चैप्टर पूरे हो गये जिस पर छात्रों ने बताया कि 6 चैप्टर पूरे हो गये। सातवां चैप्टर चल रहा है। कलेक्टर ने छात्रों से पाइथागोरस थ्योरम और अम्ल व क्षार में अंतर पूछा, जिसे छात्रों ने अच्छे ढंग से बताया। कलेक्टर ने इसी कक्षा में पूछा कि सबसे खतरनाक एसिड कौन सा होता है। जिस पर शिवानी ने बताया कि एक्वारेजिया इस पर कलेक्टर ने शिवानी को शाबाशी दी। वहीं कक्षा 10 में पहुंचकर कलेक्टर ने ब्लैक बोर्ड में फीस में छूट के लिये अंग्रेजी में लिखे पत्र का छात्रों से ट्रांसलेट कर हिंदी में बताने के लिये कहा, जिसे छात्रा साधना पटेल ने बताया।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत धनिया में शासकीय महाविद्यालय रीठी के भवन निर्माण हेतु भूमि का अवलोकन किया। यहां पर धनिया में करीब 4 हेक्टेयर भूमि शासकीय महाविद्यालय के भवन निर्माण हेतु भूमि आबंटन प्रक्रियाधीन होने की जानकारी तहसीलदार द्वारा कलेक्टर को दी गई। कलेक्टर श्री तिवारी ने भ्रमण के दौरान तहसील कार्यालय, लोक सेवा केन्द्र और जनपद पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसीलदार को राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने आरसीएमएस पोर्टल का अवलोकन किया और सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

---



# एक्सीलेंस स्कूल में हुई प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़वारा में महिला बाल विकास विभाग बड़वारा के द्वारा 16 अक्टूबर को मिशन शक्ति के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत निबंध प्रतियोगिता ,रंगोली प्रतियोगिता एवं नुक्कड़ नाटक कठपुतली नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।महिला बाल विकास विभाग से उपस्थित सुपरवाइजर श्रीमती अर्पिता प्यासी, श्रीमती प्रियंका पाण्डे, श्रीमती ज्योति निगम, विद्यालय प्राचार्य चन्दन सिंह, वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक जुगल किशोर चौरसिया द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया गया ।

कार्यक्रम में कर्ण सिंह, सरिता शर्मा, बिनोद सिंह,घनश्याम चौधरी ,मोहन निगम ज्ञानेन्द्र हल्दकर, आरती तिवारी,सीता विश्वकर्मा, सुचिता गुप्ता,महेंद्र गौतम, महेंद्र नारायण मिश्रा, लाल बहादुर सोनी,संजय कोल ,धनंजय यादव, विभा द्विवेदी , अंकिता राठौर, हेमलता जयपुरिया,ओंकार दुबे, उर्मिला कोरी, अपूर्वा तिवारी, शीला त्रिपाठी,स्नेहल देहरिया, रश्मि सिंह, आशिका महोबिया,अनिल अरकरे, मनीष विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में टीवी मरीजों के पोषण आहार का किया गया वितरण

**अमानगंज** । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज में गुनौर विधायक डॉक्टर राजेश वर्माकी प्रेरणा से प्रेरित होकर रोगी कल्याण समिति सदस्य प्रशांत अज्जू छिरोल्या एवं समाजसेवी साथियों की अगवाई में 15 टीवी मरीजों को पोषण आहार किट वितरित की गई, निश्चित रूप से टीवी मरीजों के लिए पोषण आहार के वितरण की इस पहल से समाज में युवाओं को समाज सेवा करने की प्रेरणा मिलेगी आज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर जयपाल अहिरवार पीएम श्री हाई सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य सुरेंद्र दुबे मंडल उपाध्यक्ष राजदीप गोस्वामी समाजसेवी चंदन पाठक रामू रावत पत्रकार अमित दुबे और अस्पताल विभाग से रविकांत दहायत लेखपाल रामशरण तिवारी एवं समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही।

## कुएं में डूबने से 3 वर्षीय बालक की मौत

**अमानगंज**। पन्ना जिले के अमानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बांधी ग्राम में एक हृदय विदारक घटना गुरुवार की दोपहर लगभग दो से तीन बच्चों के बीच सामने आई है, जिसमें एक तीन वर्षीय आदिवासी बालक की दर्दनाक कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना के विषय में फरियादी दीपलाल निवासी बंधी कला ने अमानगंज पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि मेरा पुत्र दीपक पिता दीपलाल उम्र 3 वर्ष खेल रहा था और खेलते वक्त खेत वाले घर के पास कुएं के पास चला गया और कुएं में गिर जाने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची अमानगंज पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नगर में कई जगह सज रहे जुआं फड़

# रोशनी का त्योहार नजदीक आते ही नगर में जुआ भी होने लगा रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही हटा थाना के नगरीय क्षेत्र में एक बार फिर ₹52 परी₹ का पारंपरिक जुआ खेल का जाल बिछ गया है। धन की देवी लक्ष्मी का त्यौहार दीपावली को अब कुछ दिन ही शेष रह गये है। इस त्यौहार में धन दुगुना करने यानी जुआं में दांव लगाने वालों की संख्या नगर सहित गांवों में कई ठिकानों पर खुलेआम देखी जा रही है।

रात ढलते ही नगर की संकरी गलियों में पत्तों की खनक और पैसों की खटखटाहट से माहौल गर्म हो जाता है। सैकड़ों की संख्या में युवा, मजदूर वर्ग और कुछ व्यापारी भी इस खेल में अपनी किस्मत आजमाने जुट रहे हैं। जानकारी के अनुसार, शहर में कई गुप्त अड्डे सक्रिय हैं, जहां रातभर जुआ का सिलसिला चलता है। बताया जाता है कि ये अड्डे अक्सर सुनसान गलियों के मकानों, रेस्टोरेंट या होटल के कमरों में लगाए जाते हैं, जहां सुरक्षा का कोई डर नहीं होता। दीपावली से पहले हर साल की तरह इस बार भी जुआरियों का उत्साह चरम पर है। लोगों का कहना है कि पहले यह खेल कुछ मित्रों के बीच मनोरंजन के रूप में सीमित था, लेकिन अब यह बड़े पैमाने पर सट्टे के रूप में बदल चुका है। हजारों रुपये दांव पर लगाए जा रहे हैं, और हारने वाले कई युवा कर्ज में डूब रहे हैं। कई परिवार ऐसे हैं जिनके घरों में दीपावली की खुशियां कर्ज और कलह की छाया में गुम हो रही हैं।

### साहूकार भी उपलब्ध-

विश्वस्त सूत्रों की माने तो जुआरी अगर मौके पर जुआ जुआ में पैसे हार जाता है तो उसे साहूकार ब्याज में पैसे भी उपलब्ध करा देता है। बताया जाता है कि जुआरी को 10 प्रतिशत प्रति दिन के हिसाब से यहां ब्याज पर पैसा मिलता है। साहूकार अपने परिचित को बिना किसी सामान के पैसे उपलब्ध करा देता है। लेकिन अपरिचित को वाहन या अन्य सामान गिरवी रखना पड़ता है। नगर के लोगों का कहना है कि दीपावली से पहले ही इन जुआ अड्डों पर छापामार कार्रवाई की जाए। साथ ही पुलिस गश्त बढ़ाकर ऐसे अवैध खेलों पर नकेल कसी जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी को इस बर्बादी के रास्ते से बचाया जा सके। अगर प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की, तो यह ₹त्योहार का जुआ₹ धीरे-धीरे ₹युवाओं की तबाही₹ का कारण बन सकता है।

### हो रहा लाखों का जुआ

सूत्रों की माने तो ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने की बजाए पुलिस उल्टे सेटिंग में लगी हुई है। थाना क्षेत्र के नगर सहित गांवों में लाखों का जुआ हो रहा है। जुआ खिलाने वालों का गैंग पूरी तरह से कमर कसकर तैयार हो चुकी है। सूत्रों की माने तो जुआ खिलाने वाले गैंग पुलिस से सेटिंग कर महीना बंधाने के लिए संपर्क भी कर चुके हैं।

### खाने पीने सहित तमाम सुविधा उपलब्ध

एक जुआरी ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि जुआ अड्डे में जुआरियों लिए सारी व्यवस्थाएं रहती हैं। नानवेज खाने वाले को मटन, चिकन भी मौके पर ही उपलब्ध कराया जाता है। भोजन के बदले जुआरियों को कीमत अदा करनी पड़ती है। मौके पर गुटका, पाउच और शराब भी उपलब्ध होता है।

## स्वदेशी से स्वावलंबन अभियान के तहत व्याख्यान, संगोष्ठी व रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में शासकीय महाविद्यालय जबेरा में "स्वदेशी से स्वावलंबन" अभियान के तहत व्याख्यान, संगोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती कमला चौरसिया, विभाग संयोजक बृजेंद्र राठौर स्वदेशी जागरण मंच, सागर, जिला मंत्री रानू नामदेव, जिला समन्वयक सुशील कुमार नामदेव म.प्र. जन अभियान परिषद, प्रोफेसर कोष्टी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत नोडल नवांकुर संस्था प्रतिनिधि मुल्तान सिंह लोधी जलहरी,चैन सिंह लोधी मुवार, लोकेंद्र सिंह लोधी परामर्शदाता एवं बीएसडब्ल्यू द्वितीय वर्ष की छात्रा सीमा काछी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारत की पहचान उसकी संस्कृति और स्वदेशी भाव में निहित है। बृजेंद्र राठौर ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए स्वदेशी भावना को अपनाना आवश्यक है। उन्होंने सभी से संकल्प दिलाया कि प्राचीन भारतीय जीवनशैली को पुनः अपनाकर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। रानू नामदेव ने कहा कि भारत की संस्कृति विश्व पटल पर हमारी पहचान है हमें स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को जन-जन तक पहुँचाना चाहिए। प्रोफेसर कोष्टी ने कहा कि 1947 में भारत आर्थिक रूप से सशक्त था क्योंकि लोग स्वदेशी जीवन जीते थे आज विदेशी वस्तुओं का उपयोग देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रहा है। सुशील कुमार नामदेव ने कहा कि स्वदेशी अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि देशभक्ति की भावना है जिसे व्यवहार में लाना आवश्यक है। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक श्रीमती वंदना जैन, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि त्रिलोक सिंह लोधी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, सीएमसीएलडीपी छात्रगण एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार परामर्शदाता घनश्याम सिंह लोधी द्वारा किया गया।

## दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के विक्रय पर सख्त निगरानी रखी जाए-कलेक्टर

### शिकायतों की संभावना को देखते हुये जिले में गठित हुई नियंत्रण टीमें

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने वाणिज्यिक कर अधिकारी को निर्देशित किया है कि दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के विक्रय पर सख्त निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा दीपावली के अवसर पर बाजारों में पटाखों की बिक्री में बढ़ोतरी के चलते उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य वसूले जाने या अनुचित लाभ लेने की शिकायतों की संभावना को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। वाणिज्यिक कर अधिकारी ने बताया कि जिले में निरीक्षण दलों का गठन किया गया है जो यह सुनिश्चित करेंगे कि पटाखा विक्रेता उपभोक्ताओं से निर्धारित दरों से अधिक मूल्य पटाका सामग्री का विक्रय न करें। यदि किसी भी स्थान पर मूल्य वृद्धि या अनुचित लाभ लेने की शिकायत प्राप्त होती है या सत्यापित होती है, तो संबंधितों पर तत्काल नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया जिला स्तरीय नियंत्रण टीम में संपूर्ण जिले के लिये वाणिज्यिक कर अधिकारी आकाश गुप्ता, वाणिज्यिक कर निरीक्षक वंशिका मिश्रा, आई. टी ऑपरेटर योगेश चंद अहिरवार, सहायक ग्रेड -3 शिवानी गौंड, भृत्य अमित सिंह शामिल है। इसी प्रकार नियंत्रण क्षेत्र दमोह तहसील, दमयंती नगर के लिये प्रथम दल में शामिल सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी योगेश कुमार दुबे, वाणिज्यिक कर निरीक्षक राम अहिरवार, सहायक ग्रेड-3 संतोष शर्मा, सहायक ग्रेड-3 मयंक साहू, भृत्य संदीप पटेल शामिल है। इसी प्रकार हटा, बटियागढ़, पटेरा के लिये द्वितीय दल में शामिल सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी उमेश कुमार कोरी, सहायक ग्रेड-3 बालकिशुन मुण्डा, वाणिज्यिक कर निरीक्षक दीपक सतरैया, सहायक ग्रेड-3 नीलेश साहू, पी. एस सुनील सिंह ठाकुर को शामिल किया गाय है तथा जबेरा तेन्दूखेड़ा और पथरिया के लिये तृतीय दल में शामिल सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी प्रमोद कुमार शर्मा, कराधान सहायक नीरज करोशिया, आई. टी. ऑपरेटर शहर बानो, सहायक ग्रेड-3 अवधेश ठाकुर, फर्राश देवी सिंह वाल्मीक को शामिल किया गया है।

## सांदीपनी विद्यालय में छात्रों को निःशुल्क साइकिल वितरण



**हटा**। नगर के सांदीपनि विधालय में छात्रों को निःशुल्क साइकिल वितरण का आयोजन किया गया जिससे बच्चे साइकिल पाकर खिलखिला गये। स्कूल के 67 बच्चों को साइकिल प्रदान की गई। इस दौरान छात्रों ने अतिथियों को बताया कि अब उन्हें घर से स्कूल पैदल नहीं जाना होगा। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा ने बच्चों को संबोधित करते हुए शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के संबध में बताया कि अब शासकीय विधालयों में निजी स्कूलों जैसी व्यवस्थाएं मिलने लगी है फ्री पुस्तक वितरण , निःशुल्क अध्यापन, सभी प्रकार की छात्रवृत्ति , संबल में फीस छूट ,75 प्रतिशत के ऊपर लेपटॉप, एवं टापर को स्कूटी योजना कुलमिलाकर शासन कोई भी कसर बच्चों की पढाई लिखाई में नहीं छोड़ रही है आपको सिर्फ पढना है ओर आगे बढ़ना है बाकी चिंता आप सरकार पर छोड़ दो। इस दौरान सोमिल सिंह हजारी, मयंक खटीक, संस्था के प्राचार्य डा. अशोक अग्रवाल, मनीष चौरसिया,पीएन खेमरिया, सत्येंद्र राजपूत,आरपी साहू की उपस्थिति रही।

## 24 किलो खराब घी एवं खाद्य तेल बाजार का किया गया विनष्टीकरण



**दमोह**। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा आगामी दीपावली त्यौहार के मद्देनजर दमोह शहर में मिठाई दुकानों की जांच की गई। असाटी वार्ड नंबर 2 स्थित प्रहलाद सोनी स्वीट्स एंड नमकीन के मिष्ठान एवं नमकीन निर्माण स्थल का निरीक्षण करके खोवा पेड़ा एवं सेव नमकीन के नमूने जांच हेतु लिए गए। मौके पर परिसर में 20 किलो खराब घी एवं 4 किलो खराब खाद्य तेल बाजार मूल्य 12,200 रूपये पाए जाने पर मौके पर विनष्टीकरण किया गया। इसी तरह तीन गुल्ली चौराहा स्थित सियाराम राधेश्याम हीरा स्वीट्स से नारियल बर्फी एवं सेव नमकीन के नमूने जांच हेतु लिए गए। उक्त खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। दमोह जिले के समस्त उपभोक्ताओं को आगामी त्यौहारों में शुद्ध एवं सुरक्षित खोवा एवं दूध से निर्मित मिठाइयां एवं अन्य खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की कार्यवाही निरंतर जारी है ।

## आधार ऑपरेटरों के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

### कार्यशाला के पश्चात यदि किसी ऑपरेटर की लापरवाही पाए जाने पर उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी -कलेक्टर

**दमोह**। जिले में आधार सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज पी.एम. श्री महाविद्यालय दमोह में आधार ऑपरेटरों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी ऑपरेटरों से कहा नागरिकों को आधार से संबंधित सेवाएं समय पर, सटीक और सरल तरीके से उपलब्ध कराना प्राथमिक जिम्मेदारी हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने ई-गर्वेनेंस मैनेजर से कहा सभी ऑपरेटरों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए, ताकि निर्देशों और आवश्यक सूचनाओं का त्वरित आदान-प्रदान हो सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ऑपरेटर निर्धारित प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगे और लाभार्थियों को सुरक्षित एवं पारदर्शी सेवाएं प्रदान करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सभी ऑपरेटर अपनी दुकानों पर रेट लिस्ट और आवश्यक निर्देश चस्पा करें, ताकि आमजन को सुविधा हो सके। कार्यशाला के पश्चात यदि किसी ऑपरेटर द्वारा लापरवाही पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर ई-गर्वेनेंस मैनेजर महेश अग्रवाल ने अद्यतन प्रक्रियाओं, तकनीकी सुधारों और सिस्टम के सुचारू संचालन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम ई-गर्वेनेंस मैनेजर महेश अग्रवाल और जिले के आधार ऑपरेटर उपस्थित रहे।

### चार माह से वेतन न मिलने पर आयुष विभाग पन्ना के आउटसोर्स कर्मचारी परेशान

**पन्ना**। आयुष विभाग पन्ना के अंतर्गत आउटसोर्स एजेन्सी में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारियों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिला है। लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों में गहरी नाराज़गी और निराशा व्याप्त है। आर्थिक संकट के चलते अधिकांश कर्मचारी अपने परिवार का भरण-पोषण करने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं।कर्मचारियों का कहना है कि विभाग द्वारा कई बार वेतन जारी करने का आश्वासन दिया गया, लेकिन अब तक भुगतान नहीं हुआ। दीपावली जैसे प्रमुख त्यौहार पर भी उनके घरों में खुशियाँ फीकी पड़ने की आशंका है। लगातार चार माह से वेतन न मिलने से कई कर्मचारियों को उधारी और कर्ज का सहारा लेना पड़ रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि ष्हम सभी कर्मचारी ईमानदारी से अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, परंतु पिछले चार माह से हमें वेतन नहीं मिला है।

## पटाखा मार्केट स्थल का तहसीलदार, जनपद सीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा



दीपावली त्यौहार में लगने वाले पटाखा मार्केट की जगह घनी आबादी से दूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ग्राउंड को चिंहित किया गया है। जिसका निरीक्षण करने गुरुवार को तहसीलदार सोनम पांडे, जनपद पंचायत सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल, नायब तहसीलदार राजेश साहू ने मौके पर पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पटाखा मार्केट स्थल का निरीक्षण करते हुए तहसीलदार एवं जनपद सीईओ ने बताया कि शासन की गाइड लाइन के तहत पटाखा विक्रेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं जिसका पालन करना अनिवार्य होगा। साथ ही पटाखा विक्रेताओं के द्वारा जो ऑनलाइन आवेदन किए गए हैं उनके लाइसेंस जल्द से जल्द जारी किए जाएंगे। तहसीलदार सोनम पांडेय एवं जनपद पंचायत सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल ने बताया कि जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशन में पटाखों के विक्रय पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। साथ ही दीपावली त्यौहार के अवसर पर बाजार में पटाखों की बिक्री में बढ़ोतरी के चलते उपभोक्ताओं से अधिक मूल्य वसूल जाने या अनुचित लाभ लेने की शिकायतें आती हैं जिसके लिए एक टीम गठित की गई है जो इसकी सतत निगरानी रखेगी। इसके साथ ही दुकानों के पास पानी की व्यवस्था, मिट्टी की व्यवस्था की गई है ताकि किसी भी दुर्घटना को तत्काल ही रोका जा सके। साथ ही पटाखा विक्रेताओं से सतर्कता ब सावधानी बरतने की अपील की है। इस अवसर पर पंचायत इंस्पेक्टर निरपत सिंह परस्ते, सचिव जन्मेजय दुबे मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## 17 अक्टूबर तक स्वीकार किए जाएंगे दावे एवं आपत्तियॉ

**दमोह**। नगरीय निकाय/ पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2025 हेतु आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार नगरीय निकाय के वार्डवार एवं विकासखण्डों की ग्राम पंचायतवार दावे आपत्तियां प्राधिकृत कर्मचारियों द्वारा प्राप्त की जा रही है। उप- जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने बताया कि आयोग द्वारा रा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) भारत भूषण गंगेले को पर्यवेक्षण हेतु प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होने बताया कि 15 अक्टूबर को जिले के समस्त रजिस्ट्रीकृत अधिकारी / सहायक रजिस्ट्रीकृत / निर्वाचन से जुड़े अन्य अधिकारी की बैठक का अयोजन जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अपरान्ह 04 बजे ली गई। बैठक के दौरान समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि मतदाता सूची साफ स्वच्छ एवं सही फोटोयुक्त तैयार कराये जाने हेतु 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर ई.आर.-1 के माध्यम से अपना जुडवा सकते हैं। साथ ही ई.आर-2 के माध्यम से मृत हुए व्यक्ति / स्थानांतरित मतदाता होने पर अपना नाम विलोपित करा सकते है। इसी प्रकार ई.आर-3 के माध्यम से मतदाता का नाम अशुद्ध होने पर उसे शुद्ध किए जाने हेतु संशोधन करा सकते है। उन्होने बताया कि दावे आपत्तियां 17 अक्टूबर को अपरान्ह 03 बजे तक ही प्राधिकृत कर्मचारी द्वारा प्राप्त की जावेगी।

## अवैध शराब विक्रय रोकने पर सर्वसम्मति से निर्णय, 27 अक्टूबर से होगा लागू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

सिंग्रामपुर ग्राम स्तर पर अवैध शराब विक्रय और सार्वजनिक अराजकता को रोकने के लिए शिव मंदिर सिग्रामपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि ग्राम में घर से शराब बेचने पर रोक लगाई जाएगी और शराब दुकानों को ग्राम से बाहर संचालित करने का निर्देश दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित थेः जनपद सदस्य प्रतिनिधि दीपक यादव, जनपद उपाध्यक्ष सुजान सिंह लोधी, भगवती मानव कल्याण संगठन के सदस्य, ग्राम सरपंच प्रतिनिधि, ग्राम सचिव, ग्राम सहायक सचिव, रिटायर्ड शिक्षक बहादुर राय, रमेश राय, मुलायम चंद्र जैन, पंडित धरनीधर तिवारी, और सुमित राजपूत। सभी ने चर्चा के बाद इस निर्णय पर सहमति जताई। निर्णय के अनुसार, शराब विक्रय करने वाले पर 11,000 रुपये का अर्थदंड और सार्वजनिक जगह पर शराब पीकर गाली-गलौज करने वाले पर 5,100 रुपये का अर्थदंड लगाया जाएगा। हालांकि, यह नियम 27 अक्टूबर को फाइनल बैठक के बाद लागू किया जाएगा। स्थानीय लोगों ने ग्राम प्रतिनिधियों और प्रशासन के इस कदम की सराहना की और कहा कि इससे ग्राम में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध शराब विक्रय रोकने में मदद मिलेगी।

## रानी दुर्गावती स्कूल में कि गयी निशुल्क साइकिल वितरण



**दमोह**। शासकीय रानी दुर्गावती कन्या हाई स्कूल में निशुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम हुया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे पं.राहुल पाठक नगर मंत्री पं.दीनदयाल मंडल भा.जा.पा., विशिष्ठ अतिथि अखिल भारतीय कर्मकांड परिषद के जिला महामंत्री विशेष तिवारी, अध्यक्षता रमाकांत मिश्रा सह कोषाध्यक्ष दमयन्ती मंडल,अखिलेश पाठक की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न किया गया। जिसमें छात्राओं के अभिभावकों की भी उपस्थिति में बालिकाओं के लिए साइकिले वितरण कि गयी जिसमें प्राचार्या श्रीमती पुष्प लता त्रिपाठी का मार्गदर्शन रहा, इस अवसर पर विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता व उन्मुक्त संस्था के प्रबंधक राहुल पाठक को छात्रा निशा विश्वकर्मा के द्वारा एक पेंटिंग भेंट की गई। कार्यक्रम का संचालन श्री उमेश तिवारी के द्वारा किया गया व समस्त स्टाफ की सहभागिता रही।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन



**दमोह**। भारतीय मजदूर संघ जिला दमोह के द्वारा परम श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी जी की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन जिला चिकित्सालय के सभा कक्ष में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता धर्मेंद्र चौबे विभाग प्रमुख सागर, प्रवीण तिवारी जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश राज्य स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डॉक्टर एचएस सूर्यवंशी, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर प्रहलाद, डॉ सुरेंद्र विक्रम जी सहायक प्रबंधन, पटेल जिला अध्यक्ष संदीप चौबे, महामंत्री दम्मू रजक, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश आईटी सेल प्रभारी बाबूलाल विश्वकर्मा, राज्य कर्मचारी संघ के जिला सह संयोजक संजीव तिवारी, पूर्व संभागीय सचिव अनिल जैन, फार्मासिस्ट एसोसिएशन की महामंत्री पुनीत मिश्रा, सेवा भारती से योगेश जाट, केशराम अहिरवार, सीता ठाकुर, अंकित मिश्रा, बीड़ी मजदूर संघ से जगदीश जैन, दीपक दूबे, कीर्ति मिश्रा, ज्योति अरविंद पटेल, रोहित राठौर कार्यक्रम का सफल संचालन देवेंद्र चौबे जिला मंत्री भारतीय मजदूर संघ ने किया। संगोष्ठी में अपने-अपने विचार व्यक्त किया और सभी राज्य स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नवीन 0कार्यकारिणी के सदस्यों का सम्मान किया गया। बड़ी संख्या में संगठनों के लोगों की उपस्थिति रही।शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत संविदा आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन भुगतान करने की मांग

**दमोह।** म.प्र.लघुवेतन कर्म.संघ के जिलाअध्यक्ष प्रमोद अहिरवार ने संघ के लेटर पेड पर पत्र के माध्यम से कलेक्टर महोदय को अवगत कराया कि स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी वॉडवाय, सुरक्षा कर्मी गार्ड सफाई कर्मी, कम्प्यूटर ऑपरेटर का दीपावली के पूर्व कराने का कष्ट करे ताकि दिपावली जैसे बडें त्योहार में उनके परिवार को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पडे। स्वास्थ्य विभाग के पास आंवटन होने के बाद भी आउटसोर्स कर्मचारियों को पिछले चार माह का वेतन भुगतान नहीं किया गया। पत्र सौपते हुए मांग कि है कि स्वास्थ्य विभाग को आदेशित करे की दिपावली के पूर्व वेतन भुगतान हो सके और आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी अपने परिवार के साथ खुशी खुशी त्योहार मना सके।

### युवक के लिये मांगा न्याय, प्रदर्शन के दौरान दिखी पुलिस की सख्ती

# ओबीसी महासभा व कुशवाहा समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





जिले के पटेरा थाना क्षेत्र के सतरिया गाँव में एक युवक को पैर धुलवाकर माफ़ी मांगने वाले मामले में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। जिला मुख्यालय पर गुरूवार को ओबीसी महासभा, कुशवाहा समाज सहित अन्य संगठनों ने वृहद प्रदर्शन करते हुये युवक पुरूषोत्तम कुशवाहा के लिये न्याय की मागं की। प्रदेश भर से आये ओबीसी महासभा, कुशवाहा समाज सहित अन्य संगठनों के लोगो ने हाथों में तख्तियां लेकर रैली निकाली जिसमें राज्य सरकार व केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुये आरोपी पर कड़ी कार्यवाही व युवक को न्याय देने की मांग की। पुलिस व प्रशासन के विरूद्ध भी नारेबाजी की गई। अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद बड़ी तादाद में लोग कलेक्ट्रेट की ओर रैली के रूप में पहुंचे। प्रदर्शन की जानकारी पूर्व में होने से बड़ी संख्या में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को महाराणा प्रताप चौक पर ही बैरिकेट लगाकर रोक लिया । इस दौरान प्रदर्शनकारी जमकर नारेबाजी करते रहे। ओबीसी महासभा एवं सम्राट अशोक क्रांति सेना द्वारा द्वारा मुख्यमंत्री महोदय के नाम ज्ञापन सौंपा गया। दिये गये ज्ञापन में लेख है कि . पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक कार्रवाई में अभी कुछ अपराधियों के नाम शामिल नहीं किए गए हैं उनका नाम जोड़कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कर सभी आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो को तत्काल हटवाया जाए, तथा आरोपियों के विरुद्ध आईटी एक्ट के तहत भी सख्त कार्रवाई की जाए । साथ ही पीड़ित व्यक्ति के परिवार को एक सरकारी नौकरी व मानहानि के रुप में एक करोड़ की राशि दी जाये। 8. चूँकि यह मामला उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा भी संज्ञान में लिया गया है और संबंधितों पर कठोर कार्रव के निर्देश जारी किए गए हैं, इसलिए उक्त आदेशों का शीघ्र पालन करने की मांग भी की गई। संगठन्ने 24 घंटे के भीतर प्रशासन द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है, तो कुशवाहा समाज एवं समन समस्त बहुजन समाज लोकतांत्रिक तरीके से पूरे मध्य प्रदेश के साथ राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# जिला अस्पताल लापरवाही मामले में दोषी कर्मचारी की होगी सेवा समाप्त : कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने आवेदक हल्के भाई विश्वकर्मा निवासी ग्राम रौड़ जिला दमोह ने अपने पुत्र शुभम विश्वकर्मा की मृत्यु में अस्पताल प्रबंधन एवं पुलिस विभाग की लापरवाही के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत की जांच अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी दमोह द्वारा की जाकर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर श्री कोचर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रकरण में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा जांच प्रतिवेदन अनुसार तीन दिवस में दोषी कर्मचारी लोकेश की सेवाएं समाप्त करने सबंधी नियमानुसार कार्यवाही की जावें । दोषी दोनों डॉक्टर्स के विरूद्व कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर विभागीय जांच संस्थित की जाये। डॉ राजन बिना अधिकृत अनुमति के कर्तव्य से अनुपस्थित थे तो उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाये तथा भविष्य में इस तरह की पुनर्रावृत्ति न हो इसके लिये कडे निर्देश प्रसारित किये जायें।

### दोषी पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद् कार्यवाही

दमोह कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी के जांच प्रतिवेदन पर में दोषी पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद् कार्यवाही करने कहा है। उन्होंने कहा है आवेदक श्री हल्के भाई विश्वकर्मा निवासी ग्राम रौड़ दमोह ने अपने पुत्र शुभम विश्वकर्मा की मृत्यु में अस्पताल प्रबंधन एवं पुलिस विभाग की लापरवाही के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की है। शिकायत की जांच अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी द्वारा की जाकर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है जांच प्रतिवेदन का अवलोकन कर प्रकरण में दोषी पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के विरूद् कार्यवाही की जाये ।

### चिकित्सक को निलंबित करने का प्रस्ताव कमिश्नर को भेजा

दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जांच दल के प्रतिवेदन के आधार पर उपचार में लापरवाही बरतने पर शिशु वार्ड में ड्यूटीरत चिकित्सक को निलंबित किये जाने तथा उनके विरूद्व विभागीय जांच संस्थित किये जाने हेतु प्रस्ताव कमिश्नर सागर संभाग को भेजा है। उन्होंने कमिश्नर सागर संभाग को अवगत कराया है कि जिला चिकित्सालय पीआईसीयू में पदस्थ नर्सिंग स्टाफ को नियनर्सिंग स्टाफमानुसार निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित किये जाने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दमोह को निर्देशित किया गया है तथा जिला अस्पताल प्रबंधन में लापरवाही तथा मानीटरिंग में कमी पाये जाने पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

ज्ञातव्य है जिला चिकित्सालय दमोह में 29 सितम्बर 2025 को कुमारी मीनाक्षी ठाकुर आयु 04 वर्ष पिता पूरन सिंह ठाकुर साकिन अर्थखेड़ा तहसील दमोह की अज्ञात कीडे के काटने से जिला चिकित्सालय दमोह में भर्ती किया गया था। उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर जांच हेतु जांच दल गठित किया गया।ए जांच दल द्वारा अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने पर यह कार्यवाही की गई ।

### सिविल सर्जन को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

दमोह अस्पताल प्रबंधन एवं मॉनीटरिंग में कमी का यह कृत्य अपने पदीय कर्त्तव्यों के प्रति उदासीनता अनुशासनहीनता का परिचायक तथा मप्र सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन होने से दंडनीय मानते हुये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ प्रहलाद पटैल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है।

जारी कारण बताओ सूचना पत्र में कहा गया है अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव आयुक्त सागर को भेजा जाये। इस संबंध में संबंधित अपना उत्तर नोटिस प्राप्ति के सात दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उत्तर समाधानकारक नहीं पाये जाने अथवा समय.सीमा में उत्तर प्राप्त नहीं होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी जिसके लिये संबंधित स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### कांग्रेसियों ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**दमोह।** विधानसभा के अर्न्तगत बांस ग्राम पंचायत के आसपास के गांवों में कांग्रेस के रोहन पाठक ने वोट चोर गद्दी छोड़ के तहत हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों की राय ली उन्होनें बांसनी, सिहोरा पड़रिया, इमलिया लांजी, धनगौर गुंजी में राष्ट्रव्यापी अभियान चलाकर फार्मेट पर लोगों के हस्ताक्षर करवाये अभियान का उदेश्य ग्रामीणों को भाजपा सरकार की जनविरोध नीतियों के प्रति जागरूक करना और चुनाव आयोग के आमजनता के अधिकारों को सुनिश्चत करना था।

# धान की फसल पर आर्मी वर्म का हमला

### 15% तक नुकसान का अंदेशा



**बनवार।** जबेरा तहसील के ग्राम परस्वाहा, घुटकुवा और घाट बम्होरी में किसानों की धान की फसल पर आर्मी वर्म (इल्ली) का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। लगातार फैल रहे इस कीट ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है और अनुमान लगाया जा रहा है कि लगभग 15 प्रतिशत तक फसल को नुकसान हो सकता है। कृषि विभाग की टीम ने गुरुवार को प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कृषि विस्तार अधिकारी दीपक पटेल और हल्का पटवारी ने संबंधित किसानों की उपस्थिति में किया। अधिकारियों ने पाया कि धान की फसल में इल्ली तेजी से फैल रही है, जिसके कारण पौधों की बालियां झड़ रही हैं और फसल कमजोर हो रही है। कृषि विस्तार अधिकारी दीपक पटेल ने बताया, "धान की फसल में आर्मी वर्म के लार्वा पाए गए हैं, जो सीधे फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों से चर्चा कर फसल की विस्तृत जांच की गई और मौकास्थल पर पंचनामा तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि जिन किसानों की फसल अभी हरी अवस्था में है, वे तुरंत कीटनाशक दवाओं का छिड़काव करें। इससे न केवल प्रकोप को नियंत्रित किया जा सकेगा, बल्कि आगे की फसल को भी नुकसान से बचाया जा सकेगा। स्थानीय किसान भी इस स्थिति को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि इल्ली के प्रकोप के कारण मेहनत और लागत पर असर पड़ रहा है और सरकार एवं कृषि विभाग से तत्काल कदम उठाने की उम्मीद रखते हैं। कृषि विभाग का कहना है कि प्रभावित क्षेत्रों पर नियमित निगरानी जारी रखी जाएगी और किसानों को समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा, ताकि धान की फसल सुरक्षित और उपज बेहतर बनी रहे।

# कार्यशाला के समापन पर 'तलाश घर' नाट्य का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय,संस्कृति विभाग और बुंदेलखंड की अग्रणी संस्था युवा नाट्य मंच के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 30 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला के समापन के अवसर पर लोक कथाओं पर आधारित नाटक तलाश घर की का मंचन स्थानीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस (पी.जी.कॉलेज) दमोह में किया गया। युवा नाट्य मंच की इस नवीन प्रस्तुति में दिखाया गया जहां आज के समय में बच्चे और युवा न केवल हमारी पारंपरिक लोक कथाओं, लोक नृत्यों और लोक परंपराओं से दूर होते जा रहे है बल्कि मोबाइल ओर सोशल मीडिया के जाल में फसते जा रहे है। ऐसे समय में लोक कथाओं के माध्यम से जन जागृति लाने की दिशा में इस नाट्य मंचन को किया गया। ज्योत्सना मिलन और लक्ष्मी नाथ बेजबरुआ की कहानियों पर आधारित नाटक तलाश घर की नई पीढ़ी को लोक कथाओं की महत्ता और उपयोगिता का बोध कराने के लिया किया गया। पहली कहानी चंपावती थी जिसमें एक अमीर आदमी की दो-दो पत्नियां हैं एक लागी और दूसरी अलागी दोनों की एक एक बेटी है। अलागी की बेटी चंपावती है। लागी को अपनी सुंदरता का अभिमान है ।लागी हमेशा अलागी से झगड़ा करती है और अलागी और उसकी बेटी चंपावती को अपने पति से कह कर पिछवाड़े की झोपडी में रहने के लिए भेज देती है जिससे उन्हें बहुत तकलीफ़ होती है । इसी बीच चंपावती खेत में रखवाली को जाती है वहां एक अजगर चंपावती से शादी करना चाहता है अलागी के बार बार मना करने के बावजूद लागी के कहने पर जमीदार उसकी शादी अजगर से कर देता है ताकि अजगर चंपावती को खा जाए पर अजगर एक देवता था और वह अलागी को सोने चांदी के गहने भेट करता है यह बात देखकर लालच के कारण लागी अपनी बेटी की भी शादी अजगर से करवा देती है और अजगर उसे खा जाता है कहानी का सार है लालच बुरी बला है ।दूसरी कहानी एक शहर से दूसरे शहर में रहने आए व्यक्ति अनिरुद्ध जोशी की है जो इंदौर से किसी दूसरे शहर में रहने के लिए आया है। यहां वो एक किराए के घर में रहता है जहां पहले एक कृष्णकांत नामक व्यक्ति और उसका परिवार रहा करता था, तो जब भी कोई पड़ोसी अनिरुद्ध जोशी से मिलने आता तो वो घुमा फिरा कर एक ही बात कहता की कृष्णकांत बड़े ही अच्छे आदमी थे जिससे अनिरुद्ध जोशी को बहुत तकलीफ़ होती है। छोटे छोटे रोचक प्रसंगों और अलग अलग चरित्रों से गुजरते हुए यह कहानी अनिरुद्ध जोशी के अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर देती है ।इस नाट्य प्रस्तुति में नवोदित कलाकारों ने अपने बेहतरीन अभिनय से दर्शकों को बांधे रखा।नाटक का संगीत अत्यंत कर्णप्रिय था और नाटक में प्रयोगवादी गीत लिखे गए जिन्हें लिपिबद्ध और स्वरबद्ध सारे नवोदित कलाकारों ने ही किया है। दोनों कहानियों में इंसान की जद्दोजहद, और पहचान का संघर्ष दिखाया गया है। नवोदित कलाकारों के अभिनय के रंग से सजा नाटक तलाश घर की दर्शकों को भीतर तक छू कर गया। नाटक के निर्देशक मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के अंतिम वर्ष के छात्र रोहित खिलवानी और विशाल बरुवा रहे। साथ ही नाटक में संगीत को कार्यशाला के प्रतिभागियों ने स्वयं लिखा और उसे तालबद्ध किया जिसमें अनुभव श्रीवास्तव, दीक्षा सेन और उपेंद्र सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ढोलक पर देवेश श्रीवास्तव और राजेश श्रीवास्तव रहे। नाटक में विभिन्न भूमिकाओं में नयन खरे, दीक्षा सेन,देवेश श्रीवास्तव, बृजेंद्र राठौर, शिवानी वाल्मीक, नैंसी गुप्ता,अनुभव श्रीवास्तव, अरविंद पटेल, वैष्णवी रैकवार, श्रद्धा रैकवार, ऋषि खरारे, हर्षिता तिवारी, हरिओम खरे, अंकित मुंडा, उपेंद्र सोनी, राजेश श्रीवास्तव, अनुनय श्रीवास्तव, गौरी रैकवार, देवांश सिंह राजपूत अरिंदम तिवारी, तेजस सपेरा व अन्य कलाकारों ने नाटक को आम जनमानस तक पहुंचाने में अपना योगदान दिया। आकर्षक प्रकाश संयोजन और मधुर संगीत को लोगो ने काफी सराहा। कार्यक्रम में समाजसेवी भाव सिंह लोधी, नन्हे सिंह, अटलबिहारी बाजपेई हिंदी विश्वविद्यालय के नाट्य विधा प्रमुख डॉ रविंद्र मुड़ा, पंकज हर्ष श्रीवास्तव, नरेंद्र दुबे, प्रदीप बजाज, प्रदीप अग्रवाल, दीपक तिवारी, डॉ सोनल राय, नरेंद्र बजाज, आलोक गोस्वामी, सुशील गुप्ता, सुधीर असाटी, राजेंद्र बग्गा, आलोक सोनवलकर, मनोहर काजल, त्रिपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नगरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आयोजन में मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव और दमोह जिला प्रशासन का योगदान रहा।

**दीपावली पर्व पश्चात भूमि एवं विस्थापन के मुददो पर जिला समन्वयं बैठक होगी**

# एकता परिषद का प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर से मिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भूमि एवं आजीविका के मुद्दों को लेकर मध्यप्रदेश एकता परिषद जिला दमोह इकाई के प्रतिनिधि मण्डल ने बृहस्पतिवार की दोपहर 01 बजे कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर 11 बिन्दूओं पर ज्ञापन सौपकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वनभूमि- राजस्व भूमि अधिकार एवं विस्थापन के 11 पेचीदा मुद्दों के स्थायी समाधान के लिए आगामी दीपावली के बाद जिला कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित करने का कलेक्टर श्री कोचर द्वारा निर्णय लिया गया। इस मौके पर आदिम जाति कल्याण विभाग की संयोजिका आदित्यनाथ शाण्डिल्य मौजूद रही। इस बारे मे एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान एवं भूमि अधिकार संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष शिवलाल आदिवासी ने बताया कि इस प्रतिनिधि मण्डल में हटा, पटेरा, दमोह, तेंदूखेड़ा, जबेरा, बटियागढ़ आदि ब्लॉक के लगभग 26 सक्रिय मुखिया साथियों ने भाग लिया एवं अपनी बात रखी। कलेक्टर ने प्रतिनिधि मण्डल को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना । एवं जिला समन्वयं बैठक रखने की बात कहीं। इन मुददों पर मुखियाओं एवं संगठन से सहयोग भी मांगा। उन्होंने ने जिला बैठक संबंधी तैयारी को आदिम जाति कल्याण विभाग संयोजक को मौखिक रूप से आदेशित भी किया । बैठक में जिला के वन अधिकार कानून, भू राजस्व कानून, चरनोई भूमि पटटा सीमांकन, त्रुटि पूर्ण वन पत्रों में सुधार, वन पत्र धारक को शासकीय सुविधाओं का लाभ देने, ग्राम स्तर पर गठित वन अधिकार समितियों को सशक्त करने, पाटन गाँव मे सड़क बनानेएवं वन विभाग व्दारा जारी मनमानी, तानाशाही एवं बेदखली की कार्यवाहियों पर तत्काल रोक लगाने आदि समस्याओं पर चर्चा की गई। इस मौके पर अयोध्या प्रसाद ,बलराम पटेल,,भूपेंद्र सिंह, ज्ञानी सिंह, रक्कू आदिवासी, मोहन आदिवासी, सुन्दर सिंह, हक्के सिंह, रामचरण आदिवासी,मंगल सिंह, मन्नू सिंह, प्रेम सिंह, मुकेश सिंह, जितेंद्र सिंह, मलखान सिंह, गोरेलाल, कंछेदी सिंह इत्यादि मुखिया साथी मौजूद रहे।

**स्थानीयों ने जताई सुरक्षा की मांग**

# राजघाट-कैबलारी सड़क पर अंधे मोड़ में बाइक हादसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जनपद पंचायत जबेरा अंतर्गत आने वाले राजघाट-कैबलारी सड़क पर आये दिन होने वाले सड़क हादसों ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। ग्राम बीजाडोंगरी के पास स्थित तालाब के अंधे मोड़ पर मोटर साइकिल सवार अक्सर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामवासियों देवेंद्र सिंह, बबलू विश्वकर्मा, कमलेश सिंह ने बताया कि अंधे मोड़ पर कोई संकेत या चेतावनी बोर्ड नहीं होने के कारण हादसे लगातार हो रहे हैं। उनका कहना है कि अगर जल्द ही सड़क सुरक्षा के लिए उचित संकेत नहीं लगाए गए, तो आने वाले समय में और भी गंभीर हादसे हो सकते हैं। आज सुबह बिलतरा निवासी एक युवक अपनी बाइक से इसी अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत 108 एंबुलेंस बुलाकर घायल युवक को दमोह जिला चिकित्सालय भेजा। डॉक्टरों ने घायल युवक की स्थिति को गंभीर बताया, लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क रोज़ाना कई वाहनों और मोटरसाइकिलों के लिए खतरनाक बनी हुई है, और प्रशासन को तुरंत सड़क सुरक्षा उपकरण, चेतावनी संकेत बोर्ड लगाने की जरूरत है। सड़क हादसों के लगातार बढ़ते मामलों ने स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश और सुरक्षा के प्रति चिंता पैदा कर दी है।

# साइबर रथ को पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### यह पहल डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

राष्ट्रीय साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा संचालित ₹साइबर रथ₹ को पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी एवं एसबीआई प्रबंधक पुष्पराज पटेल, दमोह ब्रांच मैनेजर आशीष रावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह पहल डिजिटल सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध होगी। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक कार्यालय, दमोह से की गई, जहां भोपाल से आई टीम द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर फ्रॉड से बचाव के उपायों की जानकारी आमजन को दी गई। नाटक के माध्यम से दैनिक जीवन में होने वाले साइबर अपराधों को रोचक और सरल तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिससे उपस्थित सभी लोग जागरूक हो सकें। इस अवसर पर पुलिस कार्यालय से निरीक्षक अंजलि अग्निहोत्री, अमिता अग्निहोत्री, उप निरीक्षक अरुण गौतम, भगत सिंह एवं पवन चौबे वीरेंद्र श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। यह साइबर रथ आगामी दो दिनों तक जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा। कार्यक्रम में साइबर सेल से प्रधान आरक्षक राकेश अठ्या, आरक्षक रोहित राजपूत एवं मयंक दुबे द्वारा भी नागरिकों को साइबर अपराधों की रोकथाम, उनसे बचाव के उपायों तथा आवश्यक सतर्कता की जानकारी दी जाएगी गई।